>

Title: Need to provide free/concessional rail/air travel to those police personnel who have been awarded Indian Police Medal for distinguished and meritorious services.

MR. SPEAKER: You want to monopolize it. Next Member is Shri Ram Kripal Yadav. I will find out who all are troubling me, and I will call them last.

श्री राम कृपाल यादव : अध्यक्ष महोदय, आप हमसे इतना नाराज क्यों रहते हैं?

अध्यक्ष महोदय : आप यहां बैठेंगे, तभी आपको मालूम होगा।

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अत्यंत ही गंभीर तथा संवेदनशील मामले की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। हमारे देश में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस का एक विशेष बल 24 घंटे कार्यरत रहता है। इस बल में शामिल पुलिसकर्मी अपने घर-परिवार से दूर सत्य, निष्ठा, ईमानदारी और अपनी लगन का परिचय देते हुए, देश की जनता की समस्याओं का समाधान करते हैं। इस कार्य में वे अपनी जान की बाजी भी लगा देते हैं। मैं सरकार की सराहना करूंगा कि वह पुलिसकर्मियों के त्याग को स्वीकारती है और उन्हें विशिष्ट सेवा पदक तथा सराहनीय सेवा पदक प्रदान करती है। मैं महसूस करता हूं कि उनकी लगन और त्याग के लिए दिए गए पदक उनके लिए प्रेरक और प्रोत्साहन के रूप में काम करते हैं, जिससे कि उनमें देश के प्रति जिम्मेदारी और त्याग की भावना बढ़ती है। परन्तु उनमें और जिम्मेदारी पैदा करने, निष्ठा बढ़ाने के लिए मैं समझता हूं कि पदक के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी बढ़ानी चाहिए। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि विशिष्ठ सेवा पदक और सराहनीय सेवा पदक प्राप्त पुलिसकर्मियों को निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करे -

1. रेल यात्रा में उन्हें एक सहयोगी तथा द्वितीय श्रेणी वातानुकूल में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करे।

2. हवाई यात्रा, निजी तथा सरकारी, सभी विमानों में 75 प्रतिशत की छूट प्रदान करे।

3. टेलीफोन के किराये में छूट दे।

4. विशिष्ट सेवा पदक और सराहनीय सेवा पदक धारकों को क्रमशः 750 रुपए और 450 रुपए की नगद राशि भुगतान करे तथा इन्हें आय कर में विशेष छूट प्रदान करे।

मैं अनुरोध करूंगा कि सरकार मेरी अनुशंसाओं पर ध्यान दे और तत्काल कार्यवाही करे। दूसरी सेवाओं में मैडल प्राप्त करने वाले लोगों को सुविधाएं मिलती हैं, केवल पुलिसकर्मियों को सुविधाएं नहीं मिलती हैं। इसलिए मैं विशेष निवेदन करूंगा कि सरकार पहल करे और आवश्यक कार्यवाही करे।

अध्यक्ष महोदय : आपने बहुत अच्छा मामला उठाया है। पुलिसकर्मी बहुत खुश हो जाएंगे।